प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)
iknf'kd lekpkj cqysfVu

18-45 jfookj fnukd 26-01-2025

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

vkt d e[lekpkj!"

1–राष्ट्र आज छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर परेड की सलामी ली।
2– छत्तीसगढ़ में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने रायपुर में और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने अंबिकापुर में तिरंगा फहराकर परेड की सलामी ली।
3– नारायणपुर जिले के जनजातीय कलाकार पंडीराम मंडावी को पद्मश्री सम्मान के लिए चुना गया।
4–भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के दस नगर निगमों के लिए महापौर और सैंतालीस नगर पालिकाओं के अध्यक्ष पद के लिए अपने प्रत्याशियों की घोषणा कर दी है।

#$k%& fnol "fn'y(

राष्ट्र आज छिहत्तरवां गणतंत्र दिवस मना रहा है। इस अवसर पर नई दिल्ली में कर्तव्य–पथ पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने ध्वजारोहण किया। इस समारोह में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांटो मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। आज की परेड में देश की सभ्यता, संस्कृति और वैज्ञानिक प्रगति को दर्शाने वाली मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की गईं। परेड में तीन सौ कलाकारों ने देशभर के वाद्ययंत्रों की धुन पर सारे जहां से अच्छा का प्रदर्शन किया। समारोह के दौरान हेलिकॉप्टरों ने ध्वज की आकृति में पुष्पवर्षा की। इस वर्ष की परेड में छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न राज्यों से दस हजार विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किये गए थे। इनमें सरपंच, हथकरघा और हस्तशिल्प कारीगर, स्व–सहायता समूहों के सदस्य, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ता तथा सड़क निर्माण से जुड़े कामगार शामिल थे।
इससे पहले, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय समर स्मारक जाकर देश के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले शहीदों को पुष्पांजलि अर्पित की।

#$k%& fnol ")*%(l#+"01

छत्तीसगढ़ में भी गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राज्यपाल रमेन डेका ने राजधानी रायपुर के पुलिस परेड मैदान में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। परेड निरीक्षण के दौरान मुख्य सचिव अमिताभ जैन और पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा भी उपस्थित थे।

अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि आज छत्तीसगढ़ जिस तेजी से विकास की राह पर बढ़ रहा है और विकसित छत्तीसगढ़ की परिकल्पना पर काम कर रहा है, इसके पीछे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का सुशासन का मंत्र और समावेशी विकास की सोच है। श्री डेका ने कहा कि हमारे गणतंत्र को सबसे बड़ा खतरा हिंसक विचारधाराओं से है। पिछले कई वर्षों से छत्तीसगढ़, माओवाद से जूझ रहा था। राज्य की भाजपा सरकार ने एक वर्ष के भीतर सघन अभियान चलाकर माओवादियों को कमजोर करने का कठिन परिश्रम किया है। उन्होंने नियद नेल्लानार योजना का उल्लेख किया।

राज्यपाल ने अपने संबोधन में छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और विभिन्न योजनाओं का भी जिक्र किया। समारोह में राज्यपाल ने राज्य के पुलिस अधिकारियों को पुलिस वीरता पदक, विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति का पुलिस पदक, सराहनीय सेवा के लिए पुलिस पदक, सराहनीय सुधार सेवा पदक और गृह रक्षक तथा नागरिक सुरक्षा सराहनीय सेवा पदक प्रदान किया। साथ ही उन्होंने पोषण जायसवाल, कुणाल कोशले और जयंत कुमार मरकाम को राज्य वीरता पुरस्कार से नवाजा।

#$k%& fno l ") *%(l #+, "02

वहीं, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और परेड की सलामी ली। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान और संविधान निर्माताओं के योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि इस गणतंत्र की धरोहर को सुरक्षित रखने और सहेजने–संवारने की जिम्मेदारी हम सभी और भावी पीढ़ी के हाथों में है। हमारा गणतंत्र हमें सत्यमेव जयते की सीख देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर में माओवाद अब अंतिम सांसे गिन रहा है। जल्द ही बस्तर नक्सल–आतंक से पूरी तरह मुक्त हो जाएगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में नई रणनीति बनाकर राज्य सरकार ने माओवाद के कैंसर को नष्ट करने का काम किया है।
सुरक्षा बलों ने एक साल के भीतर ही माओवादी कैडर के दो सौ साठ से अधिक माओवादियों को मार गिराया है।

#$k%& fno l ") *%(l #+, "0-

वहीं, केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कोरबा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने रायगढ़ और विधानसभा अध्यक्ष डॉक्टर रमन सिंह दुर्ग में ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली। बस्तर में उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बस्तरिया वेशभूषा धुरवा पागा पहनकर ध्वजारोहण किया और स्थानीय बोली हल्बी में अपना संबोधन दिया।
इसके अलावा मंत्री केदार कश्यप ने दंतेवाड़ा में, सांसद महेश कश्यप ने कांकेर, भोजराज नाग ने सुकमा और देवेंद्र प्रताप सिंह ने कोंडागांव में ध्वज फहराया। वहीं, विधायक लता उसेंडी ने नारायणपुर और भाजपा अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बीजापुर जिले में ध्वजारोहण किया। इसी तरह, प्रदेश के अन्य जिलों में राज्य के मंत्री, सांसद और विधायक गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए।

ify l o(j%k ij.dkj

गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने छत्तीसगढ़ पुलिस के बाइस अधिकारियों और कर्मचारियों को वीरता पुरस्कार प्रदान किया । इनमें ग्यारह अधिकारियों और कर्मचारियों को वीरता पदक और दस अधिकारियों–कर्मचारियों को सराहनीय सेवा पदक दिया गया है। इसके साथ ही पुलिस मुख्यालय की विशेष शाखा में पदस्थ निरीक्षक महेश राम साहू राष्ट्रपति का विशिष्ट सेवा पदक दिया गया है। सराहनीय सेवाओं के लिए पदक पाने वालों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा) ज्ञानेन्द्र कुमार अवस्थी भी शामिल हैं।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस उपलब्धि के लिए छत्तीसगढ़ पुलिस विभाग के सभी सम्मानित अधिकारियों और कर्मचारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

#$k%& fno l " /kd(

नई दिल्ली के ऐतिहासिक लाल किले में इस वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले भारत पर्व 2025 में छत्तीसगढ़ की झांकी विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगी। छत्तीसगढ़ की झांकी में राज्य की समृद्ध जनजातीय परंपराओं और रामनामी समुदाय की विशिष्ट झलक प्रस्तुत की गई है। भारत पर्व 2025 का आयोजन लाल किला प्रांगण में 31 जनवरी तक किया जाएगा। इस दौरान छत्तीसगढ़ सहित देश के विभिन्न राज्यों की झांकियां भारत की सांस्कृतिक विविधता और विकास यात्रा को प्रदर्शित करेंगी।

c(tkij 0 l dek"1o tkjk2$k

बीजापुर जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में स्थापित नये सुरक्षा कैम्पों के साथ ही सभी थानों में गणतंत्र दिवस समारोह उत्साह के साथ मनाया गया। वहीं, माओवादियों के पीएलजीएल बटालियन क्षेत्र में स्थापित नये सुरक्षा कैम्प – चिन्नगेल्लुर, गुंडम, छुटबाई, कोंडापल्ली, वाटेवागु, जड़पल्ली, कावडगांव, कावरगट्टा, पीडिया और गोरना गांवों में कई दशकों बाद ध्वज फहराया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम में ग्रामीणों के साथ छोटे–छोटे बच्चे भी शामिल हुए।
वहीं, सुकमा जिले के माओवाद प्रभावित क्षेत्रों में स्थापित सुरक्षा कैम्पों में भी आजादी के बाद पहली बार सीआरपीएफ और कोबरा बटालियन के जवानों और ग्रामीणों की मौजूदगी में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इनमें गोमगुड़ा, रायगुड़म, मेटागुड़ा और तुमलपाड़ के अलावा दक्षिण बस्तर के कई माओवाद प्रभावित क्षेत्र शामिल थे।

ine ij.dkj

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने वर्ष दो हजार पच्चीस के लिए एक सौ उनतालीस पद्म पुरस्कार प्रदान करने की मंजूरी दी है। इस सूची में सात पद्म विभूषण, उन्नीस पद्म भूषण और एक सौ तेरह पद्मश्री पुरस्कार शामिल हैं। पुरस्कार पाने वालों में तेईस महिलाएं हैं।
छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के रहने वाले पंडीराम मंडावी को पद्मश्री सम्मान के लिए चुना गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन्हें पारंपरिक वाद्ययंत्र निर्माण और लकड़ी की शिल्पकला के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए दिया जाएगा। पंडीराम बताते हैं कि उन्होंने करीब सोलह साल की उम्र से बांसुरी सहित विभिन्न पारंपरिक वाद्ययंत्रों को बनाना शुरू किया। उन्होंने बताया कि सांस्कृतिक राजदूत के रूप में वे आठ से अधिक देशों में अपनी कला का प्रदर्शन कर चुके हैं।

श्री मंडावी, गोंड मुरिया जनजाति के हैं। वे पिछले पांच दशकों से काष्ट शिल्प और जनजातीय वाद्य यंत्रो के निर्माण से जुड़े हुए हैं। उन्हें विशेष करके बस्तर की बांसुरी कही जाने वाली 'सुलूर' बनाने में महारत हासिल है। श्री मंडावी अपने पारंपरिक शिल्प को भावी पीढ़ियों को हस्तांतरित करने के लिए अपनी कर्मशाला में अब तक एक हजार से अधिक शिल्पकारों को प्रशिक्षण दे चुके हैं।
मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पंडीराम मंडावी को पद्मश्री सम्मान के लिए चुने जाने पर बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

fudk puko"i* k'k(4yku

नगरीय निकाय चुनाव के मद्देनजर भारतीय जनता पार्टी ने प्रदेश के दस नगर निगमों के लिए महापौर प्रत्याशियों का ऐलान कर दिया है। इनमें पांच महिला प्रत्याशी भी शामिल हैं। रायपुर से भाजपा ने निगम की नेता प्रतिपक्ष मीनल चौबे को अपना प्रत्याशी बनाया गया है। वहीं, दुर्ग में अलका बाघमार, बिलासपुर में पूजा विधानी, राजनांदगांव से मधुसूदन यादव, अंबिकापुर से मंजूषा भगत, जगदलपुर से संजय पांडेय, धमतरी से जगदीश रामू रोहरा, रायगढ़ से जीवर्धन चौहान, कोरबा से संजू देवी राजपूत और चिरमिरी से रामनरेश राय को भाजपा ने अपना प्रत्याशी बनाया है।
वहीं, भाजपा ने सैंतालीस नगर पालिका अध्यक्ष पद के लिए अपने प्रत्याशियों के नामों की घोषणा कर दी है। ये सभी नाम पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने जारी किए हैं।

ipk % puko"vf1k lpuk

प्रदेश में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के तहत तीनों चरणों के लिए निर्वाचन की अधिसूचना एक साथ कल सत्ताईस जनवरी को जारी होगी। इसी के साथ ही नामांकन पत्र भरने की प्रक्रिया भी शुरू हो जाएगी। नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख तीन फरवरी निर्धारित की गई है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>